भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3406

12 मार्च, 2026 को उत्तर दिये जाने के लिए

सार्वजनिक निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित करना

3406. श्री परषोत्तमभाई रुपाला:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा आज की तिथि के अनुसार राज्य सरकारों और अन्य केन्द्रीय एजेंसियों के समन्वय से प्रत्येक सार्वजनिक निर्माण कार्य जहां सार्वजनिक निधियों का उपयोग किया जाता है, की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं;

(ख) क्या ने जापान में अधिनियमित गुणवत्ता-केन्द्रित लोक निर्माण कानून का संज्ञान लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं; और

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि निर्माण की गुणवत्ता के संबंध में किसी विशेष सांविधिक ढांचे के अभाव में कई सार्वजनिक कार्य अल्प अवधि में खराब हो गए हैं या असुरक्षित हो गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या सुधारात्मक कार्रवाई किए जाने का विचार है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क): लोक निर्माण में गुणवत्ता आश्वासन सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग अपनी कार्य नियमावली और मानक प्रचालन प्रक्रियाओं, विनिर्देशों, गुणवत्ता आश्वासन नियमावली आदि का पालन करता है। केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग नियमित रूप से इन दस्तावेजों को अपडेट भी करता है। ये सभी प्रकाशन केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट पर निशुल्क उपलब्ध हैं और सार्वजनिक निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों और अन्य केन्द्रीय/राज्य एजेंसियों द्वारा इनका संदर्भ लिया जाता है।

(ख): जी नहीं।

(ग): लोक निर्माण की गुणवत्ता सामान्य वित्तीय नियमों (जीएफआर), केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के दिशा-निर्देशों, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग मैनुअल और केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग की मानक प्रचालन प्रक्रियाओं के प्रावधानों द्वारा सुनिश्चित और निर्देशित की जाती है।

*****